नई दिल्ली, शनिवार
24 फरवरी 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24+8+6+4=42

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अमेरिकी सांसद ने फ्लाइंग ऑफिसर अवनि को दी बधाई } 17
दोहरी सीरीज जीतने के लिए उतरेगी विराट सेना } 18

निवेश से ग्रेटर नोएडा में मिलेगा ढाई लाख लोगों को रोजगार

इन्वेस्टर समिट में दोनों शहरों में 64 औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू साइन हुए

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में पिछले लंबे समय से रुकी औद्योगिक विकास की रफ्तार अब गति पकड़ेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में 21 व 22 फरवरी को कराए गए निवेश सम्मेलन में दोनों शहरों में 64 औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू साइन हुए हैं। ये इकाइयां करीब साढ़े 17 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इनमें ढाई लाख लोगों के लिए रोजगार के दरवाजे खुलेंगे। इससे पहले प्राधिकरण क्षेत्र में कभी इतने बड़े स्तर पर एक साथ पूंजी निवेश नहीं हुआ। इससे दोनों शहरों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उद्योग लगने से शहर की आबादी भी बढ़ेगी। पिछले दस वर्षों से खाली पड़े हजारों मकानों में लोग रहना शुरू कर देंगे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण का गठन औद्योगिक विकास के लिए हुआ था।

शुरुआती दौर में एलजी, यामाहा, होंडा सिएल, मोजर बियर, न्यू हालैंड, डेंसो आदि तमाम राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय इकाइयां लगी। इनमें क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार मिला। पिछले दस वर्षों में प्राधिकरण अपने मूल उद्देश्य से भटक गया था। बसपा और सपा शासन काल में औद्योगिक विकास के बजाय बिल्डर परियोजनाओं पर जोर दिया गया। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद औद्योगिक विकास पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से लखनऊ में निवेश सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें देश-विदेश के बड़े औद्योगिक घरानों से शिरकत कर उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश में इच्छा जताई। इसका लाभ ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को भी मिला है।

इससे पहले प्राधिकरण क्षेत्र में कभी इतने बड़े स्तर पर एक साथ पूंजी निवेश नहीं हुआ, पिछले दस वर्षों में प्राधिकरण मूल उद्देश्य से भटका

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 10 हजार करोड़ का होगा निवेश

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 25 औद्योगिक इकाइयों ने जमीन के लिए एमओयू साइन किया है। ये इकाइयां करीब 10 हजार करोड़ रुपये का पूंजी निवेश करेंगे। इनमें करीब एक लाख 35 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

ग्रेटर नोएडा में 38 इकाइयां करेंगी निवेश

ग्रेटर नोएडा में 38 औद्योगिक इकाइयों ने जमीन खरीदकर पूंजी निवेश के लिए प्राधिकरण के साथ एमओयू साइन किए हैं। इनसे करीब सात लाख 50 हजार 436 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा। शहर में लगने वाली औद्योगिक इकाइयों में करीब एक लाख 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

ग्रेटर नोएडा में ये इकाइयां करेंगी निवेश

टेगना इलेक्ट्रानिक्स • मैरीऑन बायोटेक • इंटैक्स टेक्टनालॉजी • हल्दीराम • भगवती प्रोडेक्ट • ओप्पो मोबाइल • मदरसन • यूआइएल इलेक्ट्रानिक्स • सूर्या फ्रेश फूड • यूनिसोल इंडिया • वोको आइसीएच एलटोमर • मनीटो इंडोलिक • एलएआइक्यूआइ • तिरुपति फार्म • एएसवी इलेक्ट्रानिक्स • वीओक ग्रुप • कल्याणी पॉवर प्रोडेक्ट • सौरव प्रिंटर्स • हैंजीन केमिकल • सलज बिल्डवैल • सनलैक्स प्रिंटस • रीथम • खैबर • रेडिश टेक्नालॉजी • डीएम विंग • पालीफिज विद्युत कंट्रोल सिस्टम • रवि प्रकाश ब्रदर्स • वीएलसी इंजीनियरिंग • महालक्ष्मी • प्राइम मोल्ड एंड डाई • ट्रैडिंग सोल्यूशन • रेडीएश पैकेजिंग • अनूप टॉय • एसई हरबल • नेट सोल वाटर सल्यूशन • मन्नत पैकेजिंग • महालक्ष्मी इंडस्ट्री

प्राधिकरण का पूरा जोर अब औद्योगिक विकास पर है। शहर में उद्योग लगने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शीघ्र जमीन आवंटन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि जल्द इकाइयों का निर्माण शुरू हो सके।
देवाशीष पंडा, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

शहर में औद्योगिक इकाइयां लगने का लाभ स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। किसानों के बच्चों को औद्योगिक इकाइयों में नौकरी मिलेगी। शहर की आबादी बढ़ने से अन्य लोगों के लिए भी तमाम तरह के रोजगार के अवसर पैदा होंगे।
डा. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण